आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 06.12.2025** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार :-**

- **नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनी- इंडिगो को यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना देरी किये वापस करने का निर्देश दिया।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा- उज्जैन सिंहस्थ से पहले 5 हजार से ज्यादा होमगार्ड जवानों की करेंगे भर्ती।**
- **प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य उत्साह के साथ जारी, ज्यादातर जिलों में एसआईआर पूरा होने की ओर।**
- **ठंडी हवाओं से प्रदेश में बढ़ी ठंडक। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंचा।**

**विमानन - इंडिगो**

नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनी- इंडिगो को यात्रियों के सभी लंबित रिफंड बिना देरी किये वापस करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रद्द या बाधित उडानों की रिफंड प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी कर ली जानी चाहिए। एयरलाइंस को यह भी निर्देश दिया गया है कि विमानों के रद्द होने से प्रभावित यात्रियों की यात्रा योजनाओं के लिए किसी प्रकार का पुनर्निधारण चार्ज नहीं लिया जाए। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि रिफंड प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या इसके गैर-अनुपालन की स्थिति में विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। निर्बाध शिकायत निवारण सुनिश्चित करने के लिए इंडिगो को समर्पित यात्री सहायता और रिफंड सुविधा कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। ये इकाईयां प्रभावित यात्रियों से संपर्क करेगी, ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके की रिफंड और वैकल्पिक यात्रा प्रबंध फॉलो-अप की आवश्यकताओं के बिना किया गया है। स्वचालित रिफंड प्रणाली विमानों के परिचालन में स्थिरता बहाल होने तक सक्रिय रहेगी। एयरलाइंस को ट्रेकिंग और डिलीवरी के समय को लेकर यात्रियों के साथ स्पष्ट संपर्क बनाये रखने को कहा गया है।

**ट्रेन सुविधा**

हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन शुरू किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने आकाशवाणी को बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए जयपुर- बान्द्रा टर्मिनस-स्पेशल, हिसार-खडकी- हिसार स्पेशल और दिल्ली सराय -साबरमती- दिल्ली सराय आरक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

**होमगार्ड दिवस**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल स्थित होमगार्ड्स परेड ग्राउंड में आयोजित होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में शामिल हुए और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अधिकारियों एवं जवानों को सम्मानित किया तथा प्रदेश में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने में होमगार्ड संगठन की भूमिका की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उज्जैन सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत प्रदेश सरकार 5,000 से ज्यादा होमगार्ड जवानों की भर्ती करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री अदम्य साहस पुरस्कार देने, होमगार्ड में कॉल ऑफ सिस्टम समाप्त करने और होमगार्ड जवानों के लिए स्थायी आवास देने सहित अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

**होमगार्ड दिवस-प्रदेश**

प्रदेश के सभी जिलों मे भी होमगार्ड का स्थापना दिवस गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। सतना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह उपस्थित रहे। खंडवा में भी होमगार्ड्स का 79वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कंचन मुकेश तन्वे शामिल हुईं। पन्ना में कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि ऊषा परमार ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। आगरमालवा में आयोजित हुए जिला स्तरीय समारोह में मार्चपास्ट के साथ ही होमगार्ड जवानों के मेधावी बालकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद गतिविधियां भी हुई। नर्मदापुरम, रायसेन, छतरपुर सहित विभिन्न जिलों में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया गया।

**निर्वाचन आयोग - एसआईआर**

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण- एस आई आर के चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ 93 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा गये हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 99 दशमलव नौ-तीन प्रतिशत शामिल किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग 49 करोड़ फॉर्म का डिजिटिकरण किया जा चुका है।

**एसआईआर**

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य उत्साह के साथ चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। धार से हमारे संवाददाता

ने बताया है कि जिले में अब तक एसआईआर कार्य 99 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्र ने आकाशवाणी को बताया कि जिले में वर्तमान में 17 लाख से अधिक मतदाता है। उन्होंने बताया कि सभी बूथों के लिए 1 हजार 879 बीएलओ को कार्य पर लगाया गया है।

उधर, इंदौर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय संकुल स्तर पर जोन बनाकर हेल्प डेस्क स्थापित की गयी। देवास जिले में अब तक 99.69 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सोनकच्छ, हाटपीपल्या और खातेगांव में शत प्रतिशत मतदाता गणना पत्रक डिजिटाइजेशन हो चुका है। रतलाम जिले में भी एसआईआर का काम उत्साह के साथ चल रहा है।

**पुलिस अवॉर्ड**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीसीसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स-2025 में एक्सीलेंस इन कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज़ श्रेणी में सम्मानित होने पर मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि यह सम्मान मध्यप्रदेश पुलिस की लगन, दक्षता और सतत आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर होने के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर सुरक्षा वर्तमान डिजिटल युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्टेट सायबर मुख्यालय ने अपने सशक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी क्षमताओं के विकास और आधुनिक सायबर इंफ्रास्ट्रक्चर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है।

**महापरिनिर्वाण दिवस**

आज राष्ट्र भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आम्बेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश में भी सभी जिलों में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिनमें राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब के अद्वितीय योगदान को याद किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा साहेब द्वारा संविधान, लोकतंत्र और विकास के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए जो प्रयास किए गए, वे सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

**मौसम**

प्रदेश में सर्द हवाएं फिर तेज हो गई हैं। उत्तर दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं ने ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में ठिठुरन बढ़ा दी है। कई इलाकों में कोहरा छाने लगा है, जिससे दृश्यता भी कम हो गई। बीती रात में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया, जबकि रीवा 5.8 डिग्री के साथ सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान में गिरावट अभी कुछ दिन जारी रहेगी। नर्मदापुरम से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पचमढ़ी में सर्द हवाओं से कड़ाके की ठंड जारी है। आज सुबह यहां हल्का कोहरा भी छाया रहा।

**संक्षिप्त समाचार**

**1-** केंद्र सरकार के निर्णय के बाद मध्यप्रदेश के राजभवन का नाम अब ‘लोक भवन’ हो गया है।

2- सतना सांसद गणेश सिंह द्वारा आज दूसरे चरण का सांसद खेल महोत्सव 2025 का मैहर जिले के रामनगर आजाद खेल मैदान में शुभारंभ किया।

3- अशोकनगर जिले में उर्वरक वितरण के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू की जायेगी, जिससे किसानों को आसानी से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा।

4- आज अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस के अवसर पर सीहोर के आरएके कृषि महाविद्यालय द्वारा "स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी" विषय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

5- राजगढ़ में नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

6- शहडोल जिले में पहली बार राष्ट्रीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता होने जा रही है। 19 से 23 दिसंबर तक नगर के 4 अलग–अलग मैदानों में मुकाबले खेले जाएंगे।

----------------------------------------